www.avadhkaawaz.com

# अवध की आवाज

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र राजधानी लखनऊ उत्तर प्रदेश से प्रकाशित

वर्ष–10 अंक–130 R.N.I.- UPHIN/2012/45127 लखनऊ बुधवार 11 अगस्त 2021 पृष्ठ – 8 मूल्य–3 रूपया

## मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किया जिला जालौन में बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा , राहत सामग्री बांटी गई

मोनू शर्मा संवाददाता
अवध की आवाज

माधौगढ ( जालौन )उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जालौन जिले के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का हवाई सर्वेक्षण कर स्थिति का जायजा लिया और अधिकारियों को राहत एवं बचाव कार्य तेजी से संचालित करने के निर्देश दिये, इस दौरान उन्होंने बाढ़ प्रभावित लोगों को खाद्य सामग्री भी वितरित की। योगी आदित्यनाथ ने आज मंगलवार को जालौन जिले में यमुना नदी में आयी बाढ़ से प्रभावित ग्राम पंचायतों एवं उनके मजरों का हवाई सर्वेक्षण कर स्थिति का जायला लिया। उसके बाद यहां पंडित परशुराम द्विवेदी महाविद्यालय में श्री योगी ने बाढ़ प्रभावित लोगों से भेंट कर उनकी बात सुनी और उन्हें राहत सामग्री वितरित की। इस दौरान जनप्रतिनिधियों व जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ राहत एवं बचाव कार्यो की समीक्षा के बाद पत्रकारों को सम्बोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि आज उन्होंने जालौन जिले के बाढ़ प्रभावित क्षेत्र जगम्मनपुर के गांवों का हवाई सर्वेक्षण कर राहत स्थिति का जायजा लिया है और राहत कार्यो की समीक्षा की है। उन्होंने कहा कि राजस्थान में भारी



बारिश के कारण कोटा बैराज से पानी छोड़े जाने के कारण बाढ़ की यह स्थिति बनी है। कहा कि लेकिन इस स्थिति से निपटने के लिए पहले से उठाये गये कदमों के कारण जालौन में कुछ लोगों की जान भी गई है और जनहानि भी हुई है, प्रत्येक नागरिक को सुरक्षित करना हमारी प्राथमिकता है है। योगी ने बताया कि बाढ़ प्रभावित लोगों को न केवल राशन की आपदा की राशि उपलब्ध करायी जा रही है बल्कि फूड़ पैकेट भी उपलब्ध कराये जाने की कार्रवाई चल रही है। जगह–जगह राहत कैम्प लगाये गये हैं, यहां पर हजारों लोग बाढ़ प्रभावित हैं ,जिनके लिए राहत सहायता व मदद करने के लिए नोडल अधिकारियों की नियुक्ति के साथ नौकायें, एनडीआरएफ, एसटीआरएफ व पीएसी की यूनिट लगाकर स्वच्छता व पेयजल की भी व्यवस्था की जा रही है। उन्होंने कहा कि पीड़ित लोगों के लिए राशन व फूड पैकेट पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है। मुख्यमंत्री ने पंडित परशुराम द्विवेदी स्नात कोत्तर महा विद्यालय सभागार में जन प्रतिनधियों व जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ बैठक कर राहत व बचाव कार्यो की समीक्षा कर उन्हें और तेज करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि बाढ़ पीड़ितों को समय पर राहत सामग्री उपलब्ध कराते हुए उनकी हर सम्भव मदद की जाए। उन्होंने जिले के बाढ़ कंट्रोल रूम सक्रिय रखने, बाढ़ की द्दष्टि से संवेदनशील स्थलों की मॉनीटरिंग करने के साथ–साथ नियमित पेट्रोलिंग करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने मनुष्य के साथ साथ पशुओं के चारे की भी व्यवस्था, इलाज के लिए दवाओं की व्यवस्था करने के निर्देश देते हुए कहा कि यमुना और चंबल के पानी कम हो रहा, एक सप्ताह के अंदर स्थिति सामान्य होने की उम्मीद है। इस दौरान उन्होंने जनहानि पर चार लाख रूपए और एक मकान देने की व्यवस्था के निर्देश के साथ बाढ़ प्रभावित गांवों को जमीन की व्यवस्था कर भविष्य में ऊंचे स्थानों पर बसाने के निर्देश जिला प्रशासन को दिए जिससे भविष्य में पुनरू इस प्रकार की दिक्कत न हो। इस मौके पर जिला प्रभारी मंत्री नि नीलिमा कटियार राज्यमंत्री , सांसद, जिला पंचायत अध्यक्ष घनश्याम अनुरागी विधायक मूलचंद निरंजन विधायक गौरी शंकर वर्मा विधायक नरेंद्र सिंह जादौन कालपी , जिला अध्यक्ष रामेंद्र सिंह बना, जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन, पुलिस अधीक्षक रवि कुमार ब्लॉक प्रमुख रामपुरा अजीत सिंह सेंगर बेरा, रामू द्विवेदी ब्लाक प्रमुख कुठौद चिंतामन ब्लाक प्रमुख माधौगढ़ अरविंद सिंह चौहान, प्रधान जगम्मनपुर दीपू गौतम खंड विकास अधिकारी दीपक यादव संदीप यादव गौरव कुमार मनोज शिवहरे समेत जिले के सभी अधिकारी मौजूद रहे।



# स्कूल नहीं, मोहल्ला क्लास में पढ़ रहे बच्चे शिक्षकों की सराहनीय पहल

अवध की आवाज ब्यूरो

कहोबा चौराहा गोंडा। हमारे देश मे शिक्षकों को राष्ट्र का निर्माता कहा जाता है। क्षेत्र में शिक्षकों द्वारा अनूठा पहल देखने को मिल रहा है।



कोरोना संक्रमण के कारण स्कूलों के बंद रहने से बच्चों की बाधित हो रही पढ़ाई को देखते हुए जनपद गोंडा के कटरा बाजार के खेमपुर कोंडरी में शिक्षक ऊदल सिंह व इमरान खान ने एक अच्छी पहल शुरू की है। बच्चों को स्कूल बुलाने के बजाए उन्हें गांव–टोलों में ही पढ़ाना शुरू कर दिया गया है। गांव–टोलों में मोहल्ला क्लास चलाकर नौनिहालों की भविष्य को संवारने के काम कर रहे हैं। हालांकि इस संबंध में शिक्षकों को विभाग से कोई लिखित आदेश प्राप्त नहीं है। ऐसी कोई बाध्यता भी नहीं है कि उन्हें गांव–टोलों में जाकर बच्चों को पढ़ाना ही है। बावजूद इसके शिक्षक स्वेच्छा से मोहल्ला क्लास चलाने के लिए आगे आ रहे हैं। क्षेत्र में प्रतिदिन मोहल्ला क्लासों की संख्या बढ़ती जा रही है। अब तक लगभग एक दर्जन से अधिक मोहल्ला क्लास का संचालन शुरू हो चुका है। इन क्लासों में प्राथमिक विद्यालय से लेकर प्लस टू विद्यालयों में पढ़ने वाले बच्चों को पढ़ाया जाता है। लगभग एक हजार से अधिक बच्चे इससे लाभान्वित हो रहे हैं। गांव व क्षेत्र के लोगों ने इसको सराहनीय योगदान बताया है।

# कर्नलगंज क्षेत्र में विशालकाय अजगर ने हिरन को बनाया निवाला,ग्रामीणों में दहशत

अवध की आवाज ब्यूरो

कहोबा चौराहा गोंडा। तहसील मुख्यालय कर्नलगंज अन्तर्गत गोंडा–लखनऊ राजमार्ग परबीते सोमवार एक विशालकाय अजगर ने एक हिरन को पकड़कर उसे अपना निवाला बना लिया और उसके बाद मृत हिरन को बाहर उगल



दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार घटना कोतवाली क्षेत्र कर्नलगंज के ग्राम पंचायत नारायनपुर मांझा की है। जानकारी के मुताबिक कर्नलगंज से लखनऊ जाने वाले हाईवे स्थित कटराघाट सरयू पुल के पास हाइवे से बरइन पुरवा जाने वाले सम्पर्क मार्ग पर मात्र कुछ कदमों की दूरी पर एक विशालकाय अजगर ने झाड़ी झंखाडियो में घूम रहे हिरन के बच्चे को पकड़कर निगल लिया। बताया जाता है कि अजगर ने शाम को हिरन के बच्चे को निगला और सुबह बाहर उगल दिया। सूचना पाकर स्थानीय पुलिस भी मौके पर पहुँच गयी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार अजगर की लम्बाई लगभग 15 फिट व वजन करीब एक कुन्तल से अधिक होने का अनुमान लगाते हुए बताया गया। उक्त संबंध में आजाद युवा विकास फाउंडेशन के अध्यक्ष हर्षित सिंह सूर्यवंशी की सूचना पर पहुँचे वन दरोगा अजगर को लेकर चले गये। इस घटना को लेकर स्थानीय क्षेत्र के लोगों में दहशत का माहौल दिखाई पड़ा।

# नुज़हत परवीन को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए किया गया सम्मानित

अवध की आवाज ब्यूरो

जिला सिंगरौली मध्य प्रदेश। नुज़हत परवीन, जिन्होंने महिला टी–20 चैलेंज क्रिकेट लीग में एक विकेटकीपर के रूप में अपनी पहचान बनाई, उनके इस उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए कार्यकारी निदेशक (विंध्याचल) मुनीश जौहरी ने उन्हें सम्मानित किया




और इंग्लैंड जाने से पहले उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। जब भी नुज़हत सिंगरौली में अपने गृहनगर लौटती हैं, तो वह प्रबंधन का आभार व्यक्त करने और वरिष्ठ सदस्यों का आशीर्वाद लेने के लिए एनटीपीसी विंध्याचल का दौरा करती हैं। उन्होंने महिला क्रिकेट टीम की यात्रा में उनके निरंतर समर्थन के लिए उन्हें धन्यवाद दिया। इस अवसर पर कार्यकारी निदेशक (विंध्याचल) मुनीश जौहरी, महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण) सोमेस बंद्योपाध्याय, अपर महाप्रबंधक (मानव संसाधन) पीके विश्वास द्वारा उनकी उत्कृष्ट उपलब्धियों के लिए उनके नाम के साथ टी–शर्ट वितरित करके नुजहत को सम्मानित किया।

टीम सुपरनोवा के खिलाफ फाइनल मैच में विजेता टीम ट्रेलब्लेजर्स का हिस्सा रही परवीन, मध्य प्रदेश के सिंगरौली जिले को विश्व के नक्शे पर लाने के लिए कृतसंकल्प हैं। इस जीत की ओर नुज़हत की घुमावदार यात्रा बिना किसी बाधा के नहीं थी। **COVID**–19 महामारी के दौरान लगाया गया लॉकडाउन उनके दैनिक अभ्यास के रास्ते में रोड़ा बन गया। एक खिलाड़ी के प्रदर्शन में लगातार अभ्यास सत्रों की भूमिका को समझते हुए, एनटीपीसी विंध्याचल ने तालाबंदी के बावजूद अपने अंबेडकर स्टेडियम के द्वार नुज़हत के लिए खोल दिए।

एनटीपीसी विंध्याचल के प्रबंधन ने आवश्यक इन्फ्रास्ट्रक्चर उपलब्धता को सुनिश्चित करने के उदेश्य से एक टर्फ पिच, जाल और प्रकाश से घिरा सीमेंटेड पिच किया गया ताकि वह सूर्यास्त के बाद भी अभ्यास कर सके। एनटीपीसी विंध्याचल के प्रबंधन ने उनके अभ्यास सत्रों के लिए एक सुरक्षित वातावरण बनाने के लिए स्टेडियम में सभी आवश्यक **COVID** –19 सावधानियां बरतीं। वह अपना अधिकांश समय अंबेडकर स्टेडियम में क्रिकेट के अभ्यास के लिए समर्पित करती थीं। एनटीपीसी विंध्याचल हमेशा से ही सभी सिंगरौली की प्रतिभावान खिलाड़ियों के सपनों को आगे बढ़ाने हेतु अपना महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है। जैसा कि नुज़हत परवीन महिला क्रिकेट के क्षेत्र में अपना कैरियर बनाने में सफल हो रही है वैसे ही और भी खिलाड़ी अपना कैरियर बनाने में सफल हो सके।

# कुठौंन्द में जलमंगन हुई दुकानों का विद्यायक ने किया निरीक्षण

अवध की अवाज

कुठौंद(जालौन) कस्बा कुठौंद की एक दर्जन से अधिक हुई जलमंगन दुकानों का आज क्षेत्रीय विद्यायक नरेंद्र पाल सिंह जादौन ने निरीक्षण किया। जहाँ पर सबसे ज्यादा नुकसान वाले ब्यक्ति पवन गुप्ता ने बताया कि हम सब



ब्यापारियों का कम से कम 50 लाख रुपये का भारीभरकम नुस्कान हुवा है। हमारा समान सब तालाब में तैर गया दुकानदारों ने बताया कि हनुमान मंदिर वाले तालाब पर लोगो ने कब्जा कर लिया है। जसके कारण पानी नही निकलता है। पहलीबार इतनी मात्रा में दुकानों में पानी भरा है। विधायक ने दुकानदारों को आश्वासन दिलाया कि नाले को बनवा कर पानी निकलवाने की ब्यावस्ता की जाएगी। ताकि भविष्य में आप लोगो का नुस्कान न हो। इस मौके पर ब्यापार मण्डल अध्यक्ष रामआसरे शर्मा, नीरज गुप्ता,नीटू दुबे, मण्डल अध्यक्ष भाजपा अमित नीखरा, दुर्गा भदौरिया, अरविन्द सिंह सेंगर, जयपालसिंह राजावत, पिन्टू चौहान आदि लोग मौजूद रहे। इसके बाद विद्यायक ने नैनापुर में मण्डल उपाध्यक्ष रामबीर सिंह गुर्जर के यह गए। जहाँ पर देखा कि रामबीर का पूरा घर बाढ़ में डूब गया था। वहाँ का निरीक्षण किया और मण्डल की टीम से कहा कि आप सब लोग मेहनत से लग जाओ और हर दसा में पीड़ित की सूची तैयार करो और कोई भी पीड़ित न बचे जिसका सूची में नाम न हो हर ब्यक्ति को हर संभव शासन से मदत दिलाई जाएगी।

# उत्तर प्रदेश माध्यमिक संस्कृत शिक्षा परिषद का सदस्य बनाए जाने पर विद्यालय में सम्मान समारोह किया गया आयोजित

अवध की आवाज ब्यूरो

हरगाँव, सीतापुर। क्षेत्र के प्रतिष्ठित विद्यालय बिड़ला विद्या मंदिर इण्टर कॉलेज के संस्कृत अध्यापक डॉक्टर अनिल कुमार को उत्तर प्रदेश माध्यमिक संस्कृत शिक्षा परिषद का सदस्य बनाए जाने राज्यपाल जी के अनुमोदन के फलस्वरुप हुआ है। डॉक्टर अनिल कुमार विगत 15 वर्षों से संस्कृत भाषा के प्रचार प्रसार में अतुलनीय योगदान कर रहे हैं जिसके परिणाम स्वरूप उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थान लखनऊ एवं न्यू हेल्प ट्रस्ट के



पर विद्यालय में सम्मान समारोह आयोजित किया गया जिसमें विद्यालय के प्रधानाचार्य रामचेत सिन्हा द्वारा माला पहनाकर उनका स्वागत किया गया।कार्यक्रम में विद्यालय के समस्त प्रवक्ता,सहायक अध्यापक एवं अन्य कर्मचारी गण उपस्थित रहे।प्रधानाचार्य रामचेत सिन्हा ने बताया कि डॉक्टर अनिल कुमार हमारे विद्यालय के एक प्रतिभाशाली तथा होनहार अध्यापक है इनका चयन उत्तर प्रदेश माध्यमिक संस्कृत शिक्षा परिषद में उत्तर प्रदेश सरकार के उपमुख्यमंत्री माननीय डाक्टर दिनेश शर्मा के द्वारा तथा माननीय महामहिम द्वारा 2015 में 'संस्कृत सेवा सम्मान' का पुरस्कार भी दिया जा चुका है यह अब भी संस्कृत के प्रचार प्रसार के लिए कटिबद्ध हैं हम सभी विद्यालय परिवार के सदस्य इनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हैं तथा अपेक्षा रखते हैं कि वह संस्कृत शिक्षा परिषद के सदस्य के रूप में अपने कर्तव्यों का पूर्ण ईमानदारी तथा निष्ठापूर्वक पालन करेंगे।इस अवसर पर सुधीर शुक्ला,हृदेश कुमार,उमेश वर्मा,अंशू कुमार वर्मा,दीपशिखा गुप्ता,अमृता अवस्थी सहित विद्यालय के समस्त अध्यापक एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।





दिनांक 10–8–2021 दिन मंगलवारको हिलौली ब्लाक प्रमुख, दिलीप दीक्षित से मिले श ईद रहमान साथ में अवध की आवाज के ब्यूरो चीफ गुड्डू मिश्रा जी मौजूद मिलकर प्रमुख जी को बधाई एवं शुभकामनाएं दी अवध की आवाज के ब्यूरो चीफ गुड्डू मिश्रा ने कई बिंदुओं पर चर्चा की हो रहे पत्रकारों के उत्पीड़न के विषय में कहां आदरणीय ब्लॉक प्रमुख जी ने आश्वासन दिया और और कहां इन सब मुद्दों पर माननीय विधानसभा अध्यक्ष जी से वार्ता करूंगा,,,,,,,,,,,,, अवध की आवाज हिंदी दैनिक समाचार पत्र लखनऊ से प्रकाशित गुड्डू मिश्रा ब्यूरो चीफ कानपुर मंडल प्रभारी साथ में संवाददाता उन्नाव रेहान अहमद भी मौजूद रहे

# पत्नी ने संबंध बनाने से किया मना तो नाराज हो गया पति, गला घोंटकर उतार दिया मौत के घाट

गोरखपुर। उत्तर प्रदेश के गोरखपुर जिले में एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है। यहां बांसगांव इलाके में तीन महीने पहले शादी के बंधन में बंधे पति ने सोमवार की रात अपनी ही पत्नी की गला घोटकर हत्या कर दी। गंभीर हालत में पहले पत्नी को अस्तपाल में भर्ती कराया। जहां देर रात इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। सुबह घटना की जानकारी होते ही लड़की के भाई की तहरीर पर पुलिस दहेज हत्या का केस दर्ज कर आरोपी पति, सुसर और जेठ को हिरासत में ले लिया। जबकि आरोपी पति का कहना है कि पत्नी उसे संबंध नहीं बनाने देती थी। इसी बात को लेकर दोनों में लड़ाई हुई और उसने गुस्से में पत्नी की हत्या कर दी। जानकारी के मुताबिक, संतकबीरनगर जिले के ग्राम दसरौली काली जगदीशपुर के रहने वाले सर्वेश मौर्या ने पुलिस को दी गई तहरीर में लिखा है कि उसकी बहन सरिता मौर्या (22) की शादी बीते 13 मई 2021 को बांसगांव इलाके के कुचैटा के रहने वाले रामप्रीत के बेटे हरिशंकर से हुई थी।

आरोप है कि शादी के एक हफ्ते बाद तक सबकुछ ठीक चला, लेकिन फिर ससुराल वालों ने उसे दहेज को लेकर प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। आए दिन वे नकदी, गाड़ी व अन्य चीजों की मांग करते थे और मना करने पर उसके साथ मारपीट करते थे।

बहन फोन पर इसकी जानकारी परिवार वालों को देती रही। आरोप है कि सोमवार की रात ससुराल वाले दहेज न देने पर सरिता की बेरमही से पिटाई कर दिए और मायके वालों को फोन कर बताया कि तुम लोगों ने गाड़ी और पैसा नहीं दिया तो आकर अपनी बहन की लाश ले जाओ। मायके वाले जब तक अस्तपाल पहुंचे सरिता की मौत हो चुकी थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और मामले की पड़ताल में जुट गई।

उधर, भाई सर्वेश की तहरीर पर पुलिस ने पति, सास, ससुर और जेठ के खिलाफ दहेज हत्या का केस दर्ज कर लिया और पति सहित ससुर और जेठ को गिरफ्तार भी कर लिया। इंस्पेक्टर राणा देवेंद्र सिंह ने बताया कि मृतका के भाई की तहरीर पर दहेज हत्या का केस दर्ज कर पति सहित तीन आरोपियों को तत्काल गिरफ्तार कर लिया गया है। मामले की पड़ताल की जा रही है।

# भाजपा कार्यालय नवीन मार्केट परेड में भाजपा उत्तर प्रदेश के प्रदेश उपाध्यक्ष/एमएल सी अरविंद कुमार शर्मा पहुंचे

संवाददाता कुलदीप सिंह
अवध की आवाज

कानपुर महानगर । भाजपा कार्यालय नवीन मार्केट परेड में भाजपा उत्तर प्रदेश के माननीय प्रदेश उपाध्यक्ष/एमएल सी अरविंद कुमार शर्मा पहुंचे हैं। कार्यालय में उन्होंने सबसे पहले मंदिर में फूल चढ़ाए और कार्यालय मंदिर की भव्यता की प्रशंसा की। इसके बाद पा के कार्यालय के बीजे डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी द्वारा उनका स्वागत व सम्मान व परिचय कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष सुनील बजाज जी व जिला महा सचिव संतोष शुक्ला जी ने की। इस कार्य क्रम में मां अतिथि जी ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी और पं. दीनदयाल जी। इसके बाद जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में सभी जिला अधिकारियों और मंडल अध्यक्षों ने 51 किलो फूलों की माला पहनाकर सम्मानित अतिथि जी का स्वागत किया और साथ में प्रतीक चिन्ह भी भेंट किया। तत्पश्चात कार्य क्रम में उपस्थित सभी जिला पदाधिकारियों एवं संभाग अध्यक्षों ने अतिथि से व्यक्तिगत परिचय प्राप्त किया। अपने संबोधन में माननीय अतिथि जी ने उनके भव्य स्वागत से अभिभूत होकर जिलाध्यक्ष जी और उनकी टीम का आभार व्यक्त किया और कहा कि 2001 से उन्हें माननीय नरेंद्र मोदी जी के साथ काम करने का शुभ अवसर मिला है। जिसके कारण वह समय के साथ पार्टी की कार्यप्रणाली और सीमा शुल्क नीति से परिचित रहे हैं। उन्होंने अपनी टिप्पणी में आगे कहा कि पार्टी के सभी पदाधिकारी और कार्यकर्ता राष्ट्र निर्माण में अतुलनीय योगदान देते हुए पार्टी द्वारा निर्देशित सभी कार्यक्रमों को मूर्त रूप देकर आम आदमी की सेवा के लिए आदरणीय और पूजनीय हैं। उन्होंने कहा कि जब मैं गुजरात में अफसर था तब बीजेपी। पा मजदूरों से मिलते थे, उनकी कार्यशैली से बहुत प्रभावित थे। वे अपना काम करवाने के लिए बहुत ही साधारण तरीके से मिलते थे, जबकि जब मैं उत्तर प्रदेश की तत्कालीन सपा, बसपा सरकार में पदस्थापना उद्योग और नौकरी में चल रहा था। योग्यता के बिना। सपा, बसपा कार्यकर्ताओं की भर्ती और आचरण ने भाजपा के सम्य कार्यकर्ताओं में जमीन और आसमान का अंतर दिखाया, जहां भाजपा कार्यकर्ता राष्ट्र निर्माण की बात करते हैं। जबकि अन्य दल केवल अपने और अपने परिवार के लाभ के लिए हैं। आगे बढ़ने का काम। इस अंतर को देखते हुए मैंने भी राष्ट्र निर्माण में भागीदारी के लिए काम करने का फैसला किया। हम सब मिलकर आने वाले चुनाव में भाजपा की सरकार बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। जिलाध्यक्ष ने अपने संबोधन में माननीय अतिथि के कार्यालय में प्रथम आगमन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि हम सौभाग्यशाली हैं कि कानपुर महानगर उत्तर जिले में आप जैसे योग्य अतिथि का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सर्वश्री वीरेश त्रिपाठी, अवधेश सोनकर, जितेंद्र शर्मा, प्रमोद त्रिपाठी, आशापाल, जगदीश तिवारी, विनय सिंह, अनुपम मिश्रा, रंजीत भदौरिया, धीरज बाल्मीकि, सुनील जायसवाल, सत्यम गुप्ता, पारस मदन, दिनेश मौर्य, बी राय , रोहित साहू, गौरव पांडे, उपेंद्र शुक्ला, सत्यम शुक्ला, विनोद सोनकर, चंद्रमणि चौबे, शुभम दीक्षित, नीरज गुप्ता, अरविंद सिंह, धीरज साहू सहित अन्य मंडल अध्यक्ष उपस्थित थे।




# आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर सुभासपा की बैठक हुई संपन्न

अवध की आवाज ब्यूरो

कहोबा चौराहा गोंडा। आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए मंगलवार को विधानसभा क्षेत्र गौरा के विकास खंड बभनजोत में सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित हुई जिसके मुख्य अतिथि सुभासपा के प्रदेश उपाध्यक्ष विनोद राजभर रहे। बैठक को संबोधित करते हुए कहा की गौरा विधानसभा में डर। पैदा कर लखनऊ की सबसे बड़ी पंचायत में भेजेंगे लूट खसोट और घोटाले वाला शहर है गोंडाः विनोद राजभर सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष विनोद राजभर बभनजोत ब्लाक में 2022 के विधानसभा चुनाव की तैयारियों के संदर्भ में कार्यकर्ताओं की बैठक करने पहुंचे जहां उन्होंने बीजेपी सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि 27 परसेंट आरक्षण के विभाजन ना करने पर ओमप्रकाश राजभर ने बीजेपी सरकार से अलग होकर के चुनाव लड़ रहे हैं हम भीख तो मांगेंगे नहीं हम लड़ाकू जाति के हैं 2022 में लड़कर के अपना हक व मान सम्मान वापस लेंगे। 2022 विधानसभा चुनाव के लिए सभी पार्टियों ने अपनी कमर कस ली है और तैयारियां तेज कर दी है। सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष विनोद राजभर गोंडा के गौरा विधानसभा क्षेत्र के बभनजोत ब्लाक में कार्यकर्ताओं के साथ चुनाव की तैयारियों की मीटिंग करने पहुंचे और मीडिया से मुखातिब होते हुए उन्होंने कहा बभनान से गौरा तक की सड़कें बेहद खराब है और जितना लूटना खसोट, घोटाला आपके जनपद में है शायद किसी जनपद में नहीं हमारी पार्टी और हमारे नेता गरीबों के स्वाभिमान सम्मान दिलाने के लिए लड़ाई लड़ रहे हैं इस विधानसभा से एमएलए पैदा करके लखनऊ की सबसे बड़ी पंचायत में भेजेंगे पुरानी आरक्षण को लेकर के कहा 27 परसेंट आरक्षण की विभाजन को लेकर ही हमारे नेता ओमप्रकाश राजभर भारतीय जनता पार्टी सरकार से रिश्ता तोड़ा है और उसी की लड़ाई हम लोग लड़ रहे हैं। हम लड़ाकू जाति के है हम भीख मांगेंगे नहीं हम 2022 में लड़कर के अपना मान सम्मान और हक वापस ले लेंगे। इस मौके पर प्रदेश महासचिव तुलसी राम राजभर 301 गौरा विधानसभा अध्यक्ष उमा शंकर राजभर बभनजोत ब्लाक अध्यक्ष रामनिवास राजभर सहित कार्यकर्ता गण रहे उपस्थित।





अवध की आवाज ब्यूरो

महोली। सीतापुर दिनांक 10/08/2021 को जिला सीतापुर की विधानसभा महोली का भृमण किया गया जहां ग्राम अढ़ौरा में भावना वर्मा को सक्रिय सदस्य बनाया गया व जलालपुर में संतोष वर्मा के घर पर चैपाल बैठक की गई जिसमें सन्तोष वर्मा व अभिषेक पटेल ग्राम उरदौली को सक्रिय सदस्य बनाया गया जिसमे पार्टी द्वारा उठाए गए सभी मुद्दों पर चर्चा की गई साथ ही बताया कि जातीय जनगणना व पिछड़ा वर्ग मंत्रालय की मांग पार्टी द्वारा की जा रही है । बैठक में जिलाउपाध्यक्ष प्रेमचंद पटेल , जिलाध्यक्ष व्यापार मंच राजेश वर्मा, जिलाध्यक्ष आई टी मंच सुधीर पटेल व अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे ।

# जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज एवं पुलिस अधीक्षक आर0पी0 सिंह ने आगामी दिनों में मोहर्रम के दृष्टिगत जनपद के सम्भ्रान्त नागरिकों के साथ कलेक्ट्रेट सभागार में की गई बैठक

अवध की आवाज ब्यूरो

सीतापुर। (सू0वि0) जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज एवं पुलिस अधीक्षक आर0पी0 सिंह ने आगामी दिनों में मोहर्रम के दृष्टिगत जनपद के सम्भ्रान्त नागरिकों के साथ कलेक्ट्रेट सभागार में सोमवार को गोष्ठी कर उन्हें कोविड–19 प्रोटोकाल के दृष्टिगत जारी निर्देशों से अवगत कराया एवं निर्देशों का पालन सुनिश्चित करने की अपील भी की। उन्होंने कहा कि सभी के सहयोग एवं समन्वय से पूर्व में अनेक त्योहार सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाये गये हैं। कोरोना महामारी के प्रभाव को दृष्टिगत रखते हुये एवं जीवन के विभिन्न पहलुओं को ध्यान में रखते हुये हम निरन्तर आगे बढ़ रहे हैं। कोरोना वायरस से बचाव के लिये हमें निरन्तर सावधानी बरतने की आवश्यकता है। जिलाधिकारी ने कहा कि हम सभी को कोविड प्रोटोकाल का पालन सुनिश्चित करना होगा तथा प्रशासन का पूर्ण सहयोग रहेगा। उन्होंने अपील की कि पिछली बार की तरह इस बार भी घरों में छोटी–छोटी ताजियां बनायें। उन्होंने निवेदन किया कि इस साल भी गत वर्ष की तरह मोहर्रम का त्योहार मनाया जाये। जिलाधिकारी ने कहा कि कोई भी जुलूस न निकाला जाये।

बैठक के दौरान पुलिस अधीक्षक आर0पी0 सिंह ने सभी से अपील करते हुये कहा कि पिछले वर्ष की तरह इस वर्ष भी कोविड प्रोटोकाल के तहत मोहर्रम पर्व का आयोजन होगा। उन्होंने कहा कि किसी की धार्मिक भावना को आहत नही किया जायेगा तथा कोई भी पुलिस अधिकारी किसी के साथ कोई गलत व्यवहार नही करेगा। प्रशासन का पूर्ण सहयोग सभी के साथ है। उन्होंने प्रेरित करते हुये कहा कि हमें कोरोना वायरस से बचाव के लिये पूर्ण प्रयास एवं सावधानी बरतनी चाहिये, क्योंकि हम लोग रहेंगे तभी त्योहार भी रहेगा। किसी भी प्रकार से भीड़ एकत्रित करना एवं जुलूस आदि निकालना पूर्णतया प्रतिबन्धित रहेगा। इसी प्रकार हमें मोहर्रम के त्योहार को भी सांकेतिक रूप से घरों में ही सोशल डिस्टेंसिंग एवं कोरोना प्रोटोकाल का पालन करते हुये मनाना होगा।




इस दौरान अपर जिलाधिकारी विनय कुमार पाठक, नगर मजिस्ट्रेट पूजा मिश्रा, उपजिलाधिकारी सदर अमित भट्ट, सी0ओ0 सिटी पियूष सिंह सहित संबंधित अधिकारी एवं जनपद के विभिन्न क्षेत्रों से आये सम्भ्रान्त नागरिक उपस्थित रहे।

# कदौरा क्षेत्र बाढ़ प्रभावित ग्राम इकौना में बीडीओ टीम द्वारा पीड़ितों को वितरण करवाया राशन

## आपत्ति काल मे सभी मिलजुल करे पीड़ितों की मदद–अश्विनी सिंह बीडीओ

अवध की आवाज

कदौरा/जालौन। कदौरा विकास खण्ड क्षेत्र यमुना नदी के समीप बाढ़ प्रभावित ग्राम पंचायत में बीडीओ द्वारा टीम सहित निरीक्षण करते हुए पीड़ितों को सम्पूर्ण राशन किट प्रदान की एव उन्हे आश्वस्त किया कि जल्द ही उक्त समस्या से ग्राम वासियो को राहत मिलेगी एव किसी प्रकार की समस्या पर प्रसाशन उनके साथ है एव समस्त ग्राम वासी अपनी सूचना सम्बन्धित अधिकारी को अवगत करा सकते है वही नाव से इर्द गिर्द निरीक्षण करते हुए स्थितियों का जायजा लिया गया। ज्ञातव्य हो कि कदौरा विकास खण्ड में नवागंतुक खण्ड विकास अधिकारी अश्वनी कुमार सिंह द्वारा चार्ज संभालते ही विकास खण्ड स्तरीय गतिविधियों की जानकारी लेते हुए प्रमुख समय बाढ़ पर गौरतलब किया एव प्रभावित ग्राम पंचायत इकौना में टीम सहित निरीक्षण किया गया जहां जलभराव से बेघर व गृहस्थी विहीन परिवारों को पहले से राशन की व्यवस्था कर ले गए आधिकारिक टीम द्वारा ऐसे 15 परिवारों को राशन किट प्रदान की गई प्रत्येक राशन किट में प्रति परिवार को आटा चावल दाल साबुन तेल आलू प्याज मसाला लईया मोमबत्ती बिस्कुट माचिस चावल गुड़ आदि सामग्री प्रदान की गयी ग्राम प्रधान प्रति ब्रजनन्दन तिवारी की मौजूदगी में आधिकारिक टीम के साथ खण्ड विकास अधिकारी अश्वनी कुमार द्वारा पीड़ित ग्रामीणों को आस्वस्त किया गया कि बहुत जल्द उक्त बाढ़ की समस्या से निजात मिलेगी धैर्य बनाये रखे प्रसाशन आपके साथ है एव स्वास्थ्य भोजन पानी व अन्य समस्याओ को लेकर ग्रामीण प्रधान के माध्यम से य स्वयं अधिकारी को अवगत करा सकते है वही जलभराव की स्थिति का नाव के सहारे जायजा लिया गया वही प्रेस वार्ता में बीडीओ द्वारा कहा गया कि इस तरह की आपदा में हम सभी का कर्तव्य है कि जो जिस लायक हो एक दूसरे की मदद करना चाहिए मौके पर सचिब जगत नारायन प्रभात कुमार कुणाल कुमार व प्रधान प्रति ब्रजनन्दन व ग्रामीण मौजूद रहे।वही गांवो में डॉ अशोक चक के निर्देशन में स्वास्थ्य सहित अन्य टीम द्वारा भी बीमार लोगो का उपचार व दवा दी जा रही है।



# पौधों की स्वतः सिंचाई उपकरण का पहला सार्वजनिक प्रदर्शन

## सिंचाई विभाग के सहायक अभियंता हेमन्त कुमार के इस अविष्कार को मिली चुका पेटेंट रचनात्मक कार्यों के लिए हेमन्त कुमार को प्रषंसा पत्र

अवध की आवाज ब्यूरो

लखनऊ। सिंचाई विभाग उत्तर प्रदेश में सहायक अभियंता हेमन्त कुमार ने कंट्रोल्ड वाटर एंड एयर डिस्पेंसर फॉर इनडोर एंड आउटडोर प्लांट नामक आविष्कार किया है। भारत सरकार के बौद्धिक सम्पदा केंद्र से इस आविष्कार को पेटेंट भी मिल गया है। हेमंत कुमार ने इस आविष्कार के वर्किंग माडल का पहला सार्वजानिक प्रदर्शन परिकल्प भवन तेलीबाग में सूचना संगठन प्रणाली के मुख्य अभियंता कृष्ण कुमार, अधीक्षण अभियंता नीरज कुमार, अधिशासी अभियंता देवेन्द्र कुमार ठाकुर, सहायक अभियंता पवन कुमार व विजय कुमार रावत, तथा प्रसून वर्मा, कुलदीप वर्मा, दिवाकर पाण्डेय, आशीष कुमार, कुलभूषण पाण्डेय, विभु श्रीवास्तव, अनीता मंडल प्रकाश श्रीवास्तव आदि लोगों के समक्ष किया। हेमन्त कुमार ने बताया की वे अब इस उपकरण को सर्व सुलभ कराने की योजना पर कार्य कर रहे है। मुख्य अभियंता कृष्ण कुमार ने हेमंत कुमार के शोध और रचनात्मक कार्यों की प्रशंसा करते हुए उन्हें प्रशस्ति पत्र दे कर सम्मानित किया और कहा कि वे इनके कार्यों को ऊपर तक अवगत कराएँगे तथा इस प्रकार के जनोपयोगी शोध तथा रचनात्मक कार्य करने वाले कार्मिकों को प्रोत्साहित करेंगे। कार्यक्रम का आयोजन और संचालन सुशील कुमार ने किया।

प्रदर्षन के दौरान हेमन्त कुमार ने बताया कि यह एक उपकरण है जो पौधे की महीनों तक स्वतः सिंचाई कर सकता है। उपकरण में पानी स्टोर करने की टंकी लगी हैं, जिसमें पानी हाथ से भरा जाता है। आयु, किस्म तथा मौसम के अनुसार पौधे की जरुरत के मुताबिक भेजे जाने वाली पानी की मात्रा उपकरण में लगे नाब द्वारा सेट कर दी जाती है। इसके बाद पानी की तय मात्रा को उपकरण खुद ब खुद पौधों के जड़ क्षेत्र में पहुँचता है। इस खासियत के चलते लगभग 20 से 30 प्रतिशत पानी भी बचेगा। रेगिस्तानी इलाकों के लिये यह बहुत उपयोगी होगा। इसमें पानी हर समय जड़ों में नहीं पहुँचता बल्कि बीच बीच में रुकता भी है



तक पहुँचता रहता है। यह उपकरण एक सप्ताह में पानी को 50 मिलीलीटर से लेकर एक लीटर तक पौधों की जड़ क्षेत्र में भेज सकता है। यह गमले और जमीन में लगे पाँच–छः फीट तक ऊँचाई के पौधों के लिये बनाया गया है। इस उपकरण को एक लीटर से लेकर कितनी भी क्षमता का बनाया जा सकता है। बड़ी टंकी से युक्त यह उपकरण एक बार पानी से भरे जाने के बाद सामान्य पौधे की एक से दो महीने तक सिंचाई कर सकता है। इसलिये जो लोग 15–20 दिन या महीने के लिये बाहर जाने के कारण सिंचाई नहीं कर पाते उनके लिये यह बहुत फायदेमंद होगा। पहाड़ों या दुर्गम क्षेत्रों में जहाँ नव रोपित पौधों की सिंचाई के लिये बार बार जाना मुश्किल होता है वहाँ के लिये भी यह उपयोगी है। इस उपकरण से पानी सीधे पौधे जिससे लगातार पानी के संपर्क में रहने से गल जाने वाली जड़ों के पौधे इसके प्रयोग से नहीं मरते। उपकरण को बिजली या सेल या अन्य किसी बाहरी उर्जा की जरूरत नहीं पड़ती। ऑटोमेशन के लिये पानी की स्थैतिक उर्जा (स्टेटिक एनर्जी) का प्रयोग किया गया है। ज्ञात हो कि हेमंत कुमार जनपद बिजनौर के ग्राम फीना के रहने वाले हैं और बाढ़ प्रबंधन सूचना प्रणाली केंद्र परिकल्प भवन में सेवारत हैं। ये कई ओर शोध एवं आविष्कारों पर भी कार्य कर रहे हैं। इसी वर्ष उत्तर प्रदेश हिंदी संस्थान ने हेमंत कुमार की पुस्तक विविध प्रकार के भवनों का परिचय एवं नक्शे को प्रविधिध्तकनीकी वर्ग में पूरे प्रदेश में प्रथम आने पर संपूर्णानान्द नामित पुरस्कार और पिचहत्तर हजार की धनराशि भेंट की गयी थी।

# सम्पादकीय

## बुनियादी संरचना का खौफ

मेरे समेत तमाम अर्थशास्त्रियों का मानना रहा है कि देश के आर्थिक विकास के लिए हमें बुनियादी संरचना को सही करना होगा, जैसे हाईवे, विद्युत, इंटरनेट इत्यादि को। सड़क सही नहीं होती है तो व्यापार नहीं पनपता है। अध्ययनों में पाया गया है कि ग्राम विकास के लिए सबसे अधिक प्रभावी निवेश पक्की सड़क में होता है। सड़क उपलब्ध हो जाने से गांव के लोग अपने माल को आसानी से शहर तक ले जाकर बेच सकते हैं और गांव का विकास होने लगता है। वर्तमान एनडीए सरकार ने बुनियादी संरचना में निवेश में भारी प्रगति की है, विशेषकर हाईवे और जलमार्ग में। सरकार के पूंजी निवेश में बुनियादी संरचना प्रमुख हिस्सा होता है। पिछले वर्ष 2020–21 में केंद्र सरकार ने 4.39 लाख करोड़ रुपए का पूंजी निवेश किया था जो वर्तमान वर्ष 2021–22 में 5.54 लाख करोड़ होने का अनुमान है। इसमें 29 प्रतिशत की भारी वृद्धि की गई है। फिर प्रश्न उठता है कि बुनियादी संरचना में इतने निवेश के बावजूद एनडीए सरकार के ही पिछले 6 वर्षों में हमारी आर्थिक विकास दर लगातार गिर क्यों रही है? इसका कारण संभवतः यह है कि हम गलत बुनियादी संरचना में निवेश कर रहे हैं, जैसे मरीज को दवा देना जरूरी होता है, लेकिन गलत दवा देने से नुकसान हो जाता है। यह बात मैं आपके सामने कुछ उदाहरणों से रखना चाहता हूं। पहला उदाहरण शहर में फुटओवर ब्रिज का लें। चौराहे पर पैदल यात्रियों के लिए फुटओवर ब्रिज बना दिया जाता है। इससे आम आदमी को सड़क पार करने में समय अधिक लगता है। ऊपर चढ़ने और उतरने में उसकी ऊर्जा व्यय होती है, जबकि नीचे कार के सरपट भागने और लाल बत्ती के हटाए जाने से उच्च वर्ग को आसानी होती है। वह अपने गंतव्य स्थान पर शीघ्र पहुंच सकते हैं। हां, आम आदमी के जीवन की रक्षा होती है और उच्च वर्ग को दुर्घटना से बचने में मदद भी मिलती है। लेकिन अंत में आम आदमी पर फुटओवर ब्रिज का नकारात्मक प्रभाव पड़ता है, जबकि उच्च वर्ग पर सकारात्मक प्रभाव पड़ता है। इसका उपाय यह है कि फुटओवर ब्रिज के साथ स्वचालित एस्केलेटर लगाया जाए जिससे कि आम आदमी के समय की बर्बादी न हो और एस्केलेटर चलाने का खर्च नीचे दौड़ने वाली कार से वसूल किया जाए। दूसरा उदाहरण हाईवे का लें।

हाईवे पर गाड़ी बिना व्यवधान के दौड़ सके, इसलिए दोनों तरफ तार लगा दिए जाते हैं। हाईवे के एक तरफ रहने वाले को हाईवे के दूसरी तरफ अपनी जमीन तक पहुंचने के लिए अब 5 किलोमीटर की दूरी तय करनी होती है, क्योंकि ट्रैक्टर को हाईवे पार कराना अब संभव नहीं रह गया है। इसलिए हाईवे से किसान की लागत बढ़ जाती है। इसके विपरीत हाईवे पर चलने वाले ट्रक को सुविधा होती है। ट्रक पर ढोए जाने वाले माल का ढुलाई खर्च कम हो जाता है। लेकिन ट्रक पर ढुलाई किए जाने वाले माल की खपत मेरे अनुमान से 80 प्रतिशत उच्च वर्ग द्वारा ही की जाती है। साथ–साथ हाईवे बनाने में जो सीमेंट, स्टील और मशीन का उपयोग किया जाता है, वह भी बड़ी कंपनियां ही सप्लाई करती हैं। हाईवे का अंतिम परिणाम आम आदमी पर नकारात्मक पड़ता है। इतना अवश्य है कि उसके द्वारा भी बाजार से खरीदी जाने वाली वस्तुओं के दाम में गिरावट आती है। लेकिन बाजार से आम आदमी माल कम खरीदता है और उच्च वर्ग ज्यादा। इसलिए उच्च वर्ग को विशेष लाभ होता है। इसका उपाय यह है कि हाईवे बनाने के साथ–साथ ग्रामीण सड़कों पर भी भारी निवेश किया जाए जिससे कि ग्रामीण क्षेत्रों एवं कस्बों में आम आदमी के लिए भी कार्य करना लाभप्रद हो जाए। हाईवे बनाने से उसे जो नुकसान होता है, उसकी भरपाई कस्बे की अच्छी सड़क से हो जाए। तीसरा उदाहरण जलमार्ग का लीजिए। जलमार्ग बनाने से नदी पर बड़े जहाज चलने लगते हैं और मछुआरों का धंधा समाप्तप्राय हो जाता है। छोटे नाविक का धंधा भी कमजोर पड़ जाता है। इसके विपरीत जलमार्ग से कोयले आदि माल की ढुलाई की लागत कम हो जाती है। कोयले से उत्पादित बिजली की भी लागत कम हो जाती है। लेकिन उस बिजली की खपत भी एलुमिनियम जैसे उद्योगों और बड़े शहरों में एयर कंडीशनर इत्यादि उपकरणों को चलाने में अधिक होती है। इस प्रकार जलमार्ग का मछुआरों और नाविकों पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है, जबकि उच्च वर्ग को सस्ती बिजली और सस्ते माल की उपलब्धि होने से लाभ होता है। इसका विकल्प यह है कि जलमार्ग के स्थान पर रेल मार्ग से ढुलाई की जाए जिससे आम आदमी पर दुष्प्रभाव कम पड़े। चौथा उदाहरण खनिज के खदान का लें। आज तमाम खनिज हमारे जंगलों के नीचे दबे पड़े हैं। इन्हें निकालने के लिए उनके ऊपर के जंगलों को काटा जाता है। इससे स्थानीय लोगों को महुए के फूल, चिरौंजी के दाने, तेंदुए की पत्ती, पशुओं का चारा इत्यादि सभी नष्ट हो जाते हैं। आम आदमी की आय में गिरावट आती है। खदान से जो खनिज निकाले जाते हैं लोहा, एलुमिनियम अथवा तांबा इत्यादि जो माल बनाया जाता है, उसकी खपत भी उच्च वर्ग ही ज्यादा करते हैं। अंतिम परिणाम आम आदमी के लिए नकारात्मक और उच्च वर्ग के लिए सकारात्मक होता है। इसका उपाय यह है कि जंगल काटने से पहले आम आदमी को पर्याप्त मुआवजा दिया जाए और खदान करने के बाद उस भूमि पर पुनः जंगल को लगाया जाए। तब आम आदमी पर महुए, चिरौंजी, तेंदू पत्ता इत्यादि के समाप्त होने से पड़ने वाले नकारात्मक प्रभाव की भरपाई हो जाएगी। पांचवां उदाहरण 5जी इंटरनेट का लें। आम आदमी के लिए 4जी पर्याप्त है। उसके बच्चे को ऑनलाइन क्लास में सम्मिलित होना होता है अथवा उसे बगल के शहर में फसल के मूल्य की जानकारी की जरूरत होती है। लेकिन 5जी इंटरनेट से भारी मात्रा में सूचना का आदान–प्रदान आसान हो जाता है। जैसे डाटा एनालिसिस करने वालों का कार्य सुलभ हो जाता है। अतः 5जी इंटरनेट से उच्च वर्ग को अधिक लाभ होता है। इसका विकल्प यह है कि 5जी के साथ–साथ 4जी इंटरनेट की सुविधा को सबको उपलब्ध कराया जाए और आम आदमी को मुफ्त वाईफाई उपलब्ध कराया जाए। मात्र बुनियादी संरचना में निवेश करना पर्याप्त नहीं होता है, जिस प्रकार केवल दवा देना रोगी के उपचार के लिए पर्याप्त नहीं होता है। सही संरचना बनानी होगी और सही दवा देनी होगी। इसलिए सरकार को चाहिए कि बुनियादी संरचना के खौफ से बचे। उच्च वर्गीय बुनियादी संरचना में निवेश करने से देश की आर्थिक विकास दर लगातार गिर रही है। बुनियादी संरचना में निवेश की दिशा में परिवर्तन करना होगा।

# नीरज चोपड़ा का मतलब सोने पर सुहागा

—आर.के. सिन्हा—

ओलम्पिक खेलों में एथलेटिक्स को अव्वल स्थान प्राप्त है। शुरुआत के कुछ दशकों में ओलंपिक में एथलेटिक्स या फील्ड एंड ट्रैक प्रतियोगितायें ही छाई रही थी। बाद में इन खेलों को भी जोड़ा गया। कहा जाता है कि खेलों की जननी है एथलेटिक्स। लेकिन, उसी एथलेटिक्स में भारत के हिस्से में ओलंपिक खेलों में कभी कोई महान सफलता नहीं आई थी। लेकिन, टोक्यो ओलंपिक खेलों में जेवलिन थ्रो (भाला फेंक प्रतियोगिता) में गोल्ड मेडल जीतकर नीरज चोपड़ा ने साबित कर दिया कि भारत के खिलाड़ी एथलेटिक्स में भी दमखम रखते हैं। वे अब अपने हिस्से के आकाश को छूने के लिए तैयार हैं। नीरज चोपड़ा टोक्यो ओलंपिक खेलों से पहले ही अपनी स्पर्धा में गोल्ड मेडल जीतने के सबसे प्रबल दावेदार माने जा रहे थे।

हां, मिल्खा सिंह, गुरुबचन सिंह रंधावा, श्रीराम सिंह, पीटी उषा तथा अंजू बॉबी जार्ज जैसे धावकों ने भारत को एशियाई खेलों से लेकर राष्ट्रमंडल खेलों में कुछ पदक और सफलताएं दिलवाई थी। पर ये सभी ओलंपिक खेलों में पदक पाने से चूक गए थे। उस कमी को अब नीरज चोपड़ा ने पूरा कर दिया। सच में नीरज चोपड़ा ने एक बड़ी लकीर खींच दी है। गोल्ड मेडल जीतने के जश्न के दौरान नीरज चोपड़ा ने इस बात का भी पूरा ख्याल रखा कि तिरंगे को ससम्मान सही ढंग से समेटा जाए। इन छोटी–छोटी बातों से उनके व्यक्तित्व का अंदाजा होता है।

नीरज चोपड़ा ने यह जो गोल्ड मेडल देश को दिलवाया है, उसे जीतने के लिए उन्होंने कितनी कड़ी मेहनत की होगी या कितना पसीना बहाया होगा, यह अब किसी को बताने की जरूरत नहीं है। उन्हें सारा देश अब करीब से जानने लगा है और अपना हीरो मानने लगा है । उन्होंने देश को स्वर्णिम क्षण देकर सच में बहुत ही बड़ा उपकार किया। कोरोना की दो लहरों से जूझते देश को मानो उन्होंने और ओलंपिक खेलों में पदक जीतने वाले बाकी खिलाड़ियों ने नई पीढ़ी को संजीवनी दे दी है। भारत इनका सदैव कृतज्ञ रहेगा।

जब नीरज चोपड़ा के हमउम्र लाखों नौजवान उम्र–जनित भावनाओं के वशीभूत हो कर तफरीह, ऐशो–आराम में डूबे होंगे तब नीरज चोपड़ा और अन्य ओलंपिक पदक विजेतागण कड़ी धूप, बारिश और सर्दी में सूर्योदय से शाम तक मैदान पर पसीना बहा रहे होंगे। उन्होंने कई अवरोधों का भी सामना किया होगा। पर उन्होंने न सिर्फ अपने मनोबल को बरकरार रखा, बल्कि अपने लक्ष्य को भी कभी अपनी निगाहों से ओझल नहीं होने दिया। नीरज चोपड़ा ने ओलंपिक खेलों के इतिहास में ट्रेक एंड फील्ड में भारत का पहला गोल्ड मेडल हासिल कर हरेक भारतीय को गौरवान्वित किया है। उनकी यह उपलब्धि देश के लिए अमूल्य और ऐतिहासिक है। ऐसे पल हमारे नसीब में अबतक बहुत कम ही आये हैं।

नीरज चोपड़ा ने जब टोक्यो में जेवलिन हाथ में लिया तब अपनी मेहनत पर यकीन और भरोसा उनके चेहरे पर अंकित था। इस भरोसे ने देश की उम्मीदों को भी परवान चढ़ा दिया और उन्होंने अपने 130 करोड़ हमवतनों को मायूस नहीं किया। उन्होंने देश की झोली उम्मीदों से भी ज्यादा भरकर दे दी।

नीरज चोपड़ा अब मिल्खा सिंह और श्रीराम सिंह की तरह भारतीय सेना के एक और शानदार खिलाड़ी के तौर पर उभरे हैं, जिन्होंने एथलेटिक्स में बेहतरीन प्रदर्शन किया। नीरज चोपड़ा अभीतक सूबेदार हैं। उम्मीद की जानी चाहिए कि उन्हें सेना में प्रोन्नत किया जायेगा और कोई बेहतर पद मिलेगा। भारतीय सेना ने अभीतक उनकी ट्रेनिंग आदि के लिए भरपूर निवेश भी किया है। वे पुणे के आर्मी स्पोर्ट्स इंस्टीच्यूट में ट्रेनिंग करते रहे हैं।

नीरज चोपड़ा के गोल्ड मेडल जीतने के बाद अब कुछ बातें भविष्य में होती नजर आ रही हैं। पहली तो यह कि अब हमारे धावकों के सामने नीरज चोपड़ा का उदाहरण होगा कि अगर वे ओलंपिक में पदक ले सकते हैं तो हम क्यों नहीं। इससे देशभर के लाखों नौजवान एथलेटिक्स में आएँगे। वे मेहनत करेंगे और ओलंपिक खेलों में मेडल लाने की हर चंद कोशिश करेंगे। उन्हें सफलता भी मिलेगी। दूसरी संभावना यह भी लग रही है कि अब देशभर के युवाओं का एथलेटिक्स के प्रति आकर्षण ज्यादा बढ़ेगा। नौजवान इस खेल को भी अब अपने करियर के रूप में लेंगे।

याद रख लें कि खेलों में करियर बनाना कोई घाटे का सौदा नहीं रह गया है। आप जैसे ही एक मुकाम को छूते हैं तो आपको कोई अच्छी नौकरी तो मिल ही जाती है। उसके बाद धन और दूसरी सुविधाएं भी खिलाड़ियों को मिलने ही लगती हैं। अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों को विज्ञापनों से भी मोटी कमाई होने लगती है। नीरज चोपड़ा को तो सेना, उनके राज्य, केन्द्र सरकार और दूसरी जगहों से कुल जमा 20 करोड़ रुपये तक तो मिल जाएगा पुरस्कार की शक्ल में। इसके अलावा वे विज्ञापनों से भी खूब कमा सकेंगे। उनके लिए अब भारत भी सब कुछ देने को तैयार है।

हालांकि किसी भी नौजवान को अपने करियर के शुरू में यह नहीं सोचना चाहिए कि उसे फलां–फलां पदक जीतने पर कितना धन मिलेगा। खिलाड़ी को लक्ष्य तो सिर्फ शिखर पर जाने का होना चाहिए।

देखिए, मुझे कहने दें कि हमारे यहां सुविधाओं का बहुत रोना रोया जाता है। कहने वाले तो यह कहते हैं कि सुविधाओं के अभाव में प्रतिभाएं दम तोड़ देती हैं। अगर उन्हें सुविधाएं मिलती तो वह कुछ और जौहर दिखाते। इस बार के ओलंपिक खेलों में अफ्रीकी देशों जैसे केन्या, इथोपिया और युगांडा के भी बहुत से धावकों ने अपने देशों को कई–कई गोल्ड मेडल जितवाए हैं। क्या इन अफ्रीकी देशों में खिलाड़ियों को भारत से अधिक सुविधाएं मिलती है? कतई नहीं। हमारे देश के कम से कम 100 शहरों में खेलों का इंफ्रास्ट्रक्चर कायदे का विकसित हो चुका है। खेलों में या जीवन के किसी भी अन्य क्षेत्र में कामयाबी तो तब ही मिलती है, जब आप में सफल होने का जुनून पैदा हो जाता है।

एक बार महान धावक श्रीराम सिंह बता रहे थे कि हमारे अधितकर खिलाड़ी नौकरी मिलने के बाद सोचते हैं कि उन्हें जीवन में सबकुछ मिल गया। वे फिर शांत हो जाते हैं। श्रेष्ठ खिलाड़ी वही होता है जो बार–बार सफल होता है। सारी दुनिया जमैका के धावक और आठ बार के ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता बोल्ट को इसलिए मानती है, क्योंकि वे बार–बार ओलंपिक खेलों में सफल होते थे। वे 100 मीटर और 200 मीटर और अपनी टीम के साथियों के साथ 4•100 मीटर रिले दौड़ के विश्व रिकार्डधारी हैं। इन सभी तीन दौड़ों का ओलंपिक रिकॉर्ड भी बोल्ट के नाम है। 1984 में कार्ल लुईस के बाद 2008 ग्रीष्मकालीन ओलम्पिक में बोल्ट एक ओलंपिक में तीनों दौड़ जीतने वाले और एक ओलंपिक में ही तीनों दौड़ों में विश्व रिकॉर्ड बनाने वाले पहले व्यक्ति बने। इसके साथ ही 2008 में वे 100 और 200 मीटर स्पर्धा में ओलंपिक खिताब पाने वाले भी पहले व्यक्ति बने।

नीरज चोपड़ा का आदर्श बोल्ट होने चाहिए। उनका अगला लक्ष्य 2024 के पेरिस ओलंपिक खेलों में गोल्ड मेडल जीतना होना चाहिए।

और अंत में एक बात और ! यह पहली बाद ऐसा हुआ है कि देश ने ओलंपिक में सर्वाधिक पदक जीते। इसमें एक बड़ा श्रेय प्रधानमंत्री नरेन्द्र भाई मोदी और उनके दो मंत्रियों पूर्व खेल मंत्री किरण रिजिजू और वर्तमान खेल मंत्री अनुराग ठाकुर को भी दिया जाना चाहिये, जिन्होंने समय निकालकर खिलाड़ियों का भरपूर प्रोत्साहन किया और उनका मनोबल बढ़ाया।

(लेखक वरिष्ठ संपादक, स्तंभकार और पूर्व सांसद हैं।)

# कटे होठ व तालू वाले बच्चों के चेहरे पर मुस्कान लाने की हरसम्भव कोशिश

### 31 अगस्त तक ऐसे बच्चों का किया जाएगा निःशुल्क पंजीकरण

अवध की आवाज ब्यूरो

लखनऊ। राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (आरबीएसके) एवं अमेरिका की स्माइल ट्रेन संस्था के सहयोग से हेल्थ सिटी ट्रामा एवं सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल के प्लास्टिक माइक्रोवस्कुलर कॉस्मेटिक एवं क्रेनियोफेशियल सर्जरी विभाग द्वारा कटे होंठ एवं तालू के मरीजों के लिए निःशुल्क पंजीकरण का आयोजन 5 से 31 अगस्त तक प्रातः 10 बजे से शाम पांच बजे तक किया जा रहा है।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. मनोज अग्रवाल ने बताया – कई बच्चों के होंठ और तालू जन्म से कटे होते हैं। बच्चे में आत्मविश्वास उसकी मुस्कान ही जगाती है। कटे होंठ और तालू की जन्मजात समस्या लगभग 3000 से 5000 जीवित शिशुओं में से एक को हो सकती है। यह होंठ के दोनों तरफ या एक ही तरफ संभव है। सामान्यतः होठ के साथ तालू भी कटा होता है किन्तु कभी–कभी केवल तालू के कटे होने की भी सम्भावना होती है। इसके कारणों में किसी भी चीज की स्पष्ट भूमिका प्रमाणित नहीं है।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया– आत्मविश्वास को वापस लाने में स्माइल प्रोजेक्ट के निदेशक डा. वैभव खन्ना और हेल्थ सिटी ट्रामा एवं सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल की अहम् भूमिका है।

आरबीएसके के नोडल अधिकारी एवं अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. विवेक दुबे ने बताया– यह बीमारी बच्चों में जन्मजात होती है तथा प्लास्टिक सर्जरी के द्वारा बच्चों के चेहरे पर मुस्कान लायी जा सकती है। स्माइल ट्रेन संस्था द्वारा हर



आयु वर्ग के लोगों का इलाज पूर्णतया निशुल्क किया जाता है। उन्होंने बताया– अभी तक इस प्रोजेक्ट के तहत डा. वैभव खन्ना के द्वारा 11,000 से अधिक मरीजों का निःशुल्क ऑपरेशन किया जा चुका है।

डा. वैभव खन्ना ने बताया– यह जन्मजात विकार अन्य विकारों की अपेक्षा बहुतायत से पाया जाता है। माता–पिता शुरुआती दौर में इस बीमारी को समझ नहीं पाते हैं। समय से उचित चिकित्सीय इलाज न मिलने से इस बीमारी का इलाज मुश्किल हो जाता है। अगर पैदायशी कटे होंठ वाला बच्चा जन्म से 4 माह तक और कटे तालू वाले बच्चे का इलाज जन्म के 8 माह से 15 माह के दौरान किया जाये तो बचे के चेहरे पर जीवन भर मुस्कान रहती है, अन्यथा सर्जरी तो हो सकती है लेकिन परिणाम बहुत अच्छा नहीं होता है। हेल्थ सिटी ट्रामा एवं सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल में संचालित स्माइल ट्रेन प्रोजेक्ट का यही वास्तविक उद्देश्य है।

आरबीएस के जिला अर्ली इंटरवेंशन सेंटर (डीईआईसी) मैनेजर डा. गौरव सक्सेना ने बताया– जन्मजात कटे होंठ एवं तालू की विकृति सर्जरी व् अन्य उपचार से पूरी तरह ठीक हो सकती है। इसके सम्पूर्ण इलाज में क्रेनियोफैशियल व् ओर्थोग्नेटिक सर्जरी जैसी प्रक्रियाओं का भी इस्तेमाल होता है। यह बात महत्वपूर्ण है कि बच्चों का समय से इलाज कराने पर जन्मजात विकृति पूर्णतया ठीक हो सकती है।

डा. गौरव ने बताया– 5 से 31 अगस्त तक आयोजित हो रहे इस शिविर में पंजीकृत रोगियों का सम्पूर्ण इलाज निःशुल्क किया जायेगा। अधिक जानकारी के लिए स्माइल ट्रेन संस्था के प्रतिनिधि नीरज कुमार शर्मा के मोबाइल नम्बर– 9454159999 और 9565437056 पर संपर्क स्थापित किया जा सकता है।

# किसान मसीहा श्यामू शुक्ला जी के नेतृत्व में विद्युत समस्याओं को लेकर भारतीय किसान यूनियन अवध राजू गुप्ता संगठन ने दिया ज्ञापन

अवध की आवाज ब्यूरो

सिधौली,सीतापुर। दिनांक 09/08/2021 को सिधौली में विद्युत विभाग के अधिकारियों के साथ पूर्व में किसान मसीहा श्यामू शुक्ला जी के नेतृत्व में दिए गए ज्ञापन में विद्युत समस्याओं को लेकर भारतीय किसान यूनियन अवध राजू गुप्ता संगठन के पदाधिकारियो के साथ बिद्युत समस्याओं जैसे कर्मचारियों के लिए भारतीय किसान यूनियन अवध राजू गुप्ता संगठन की ओर से यह आखिरी चेतावनी है। अगर 15 दिन के अंदर सुधार नहीं दिखा तो आने वाले समय में शांतिपूर्वक किसानों के हक के लिए महापंचायत धरना प्रदर्शन आमरण अनशन जल सत्याग्रह आदि प्रदर्शन करने पर हम लोग मजबूर होंगे। जिसकी सारी जिम्मेदारी



क्षेत्र की जर्जर लाइनो लो वोल्टेज की समस्या बिजली बिल की समस्या नलकूप कनेक्शन आदि अन्य विद्युत समस्याओं पर बात हुई। तथा एस डी ओ महोदय ने बिजली विभाग से संबंधित सिधौली क्षेत्र की सभी समस्याओं का निराकरण 15 दिन के अंदर कराने का आश्वासन दिया ।तथा मनवा में एक बिजलीघर का भी प्रस्ताव दिया गया है। जल्द ही मनवा में बिजली घर का निर्माण किया जाएगा। बिजली विभाग के शासन प्रशासन की होगी।

इस मौके पर उपस्थित रहे जिला अध्यक्ष आशीष कुमार सिंह पिंटू भैया कोषाध्यक्ष दीपू जायसवाल जी ब्लॉक अध्यक्ष सियाराम यादव जी जिला सचिव मुशीर अहमद जी तहसील अध्यक्ष सुल्तान अहमद जी जिला उपाध्यक्ष आई टी सेल मोहम्मद सैफ तहसील प्रभारी अवधेश सिंह जी नगर अध्यक्ष तुफैल अहमद जी आदि सैकड़ो किसान उपस्थित रहे।

# प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान दिवस का जनप्रतिनिधियों ने लिया जायजा

अवध की आवाज ब्यूरो

लखनऊ। जनपद में हर माह की नौ तारीख को प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान (पीएमएसएमए) दिवस मनाया जाता है। इसी क्रम में सोमवार को क्विन मेरी, जिला महिला अस्पताल, जिला संयुक्त चिकित्सालय सहित 80 शहरी एवं ग्रामीण स्वास्थ्य केन्द्रों पर पीएमएसएमए दिवस का आयोजन किया गया द्य इसके तहत मलिहाबाद क्षेत्र की विधायक जया देवी ने मलिहाबाद सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र (सीएचसी), बक्शी का तालाब क्षेत्र के विधायक अविनाश त्रिवेदी ने बीकेटी सीएचसी और उत्तरी क्षेत्र के विधायक डा. नीरज बोरा ने अलीगंज सीएचसी का भ्रमण कर जायजा लिया। पीएमएसएम्ए के तहत लगभग 3558 गर्भवती की जाँच हुई जिसमें 443 गर्भवती उच्च जोखिम की चिन्हित हुईं।

इस मौके पर जया देवी ने कहा – हर मां का सपना होता है कि वह एक स्वस्थ बच्चे को जन्म दे लेकिन इसके लिए आवश्यक है कि पूरी गर्भावस्था के दौरान वह स्वस्थ रहे और प्रसव पूर्व जांचें करवाएं ताकि मां भी सुरक्षित रहे और गर्भस्थ शिशु भी। इन्हीं सब बातों को ध्यान में रखते हुए पीएमएसएमए का आयोजन किया जाता है ताकि उच्च खतरे वाली गर्भावस्था की पहचान कर गर्भवती को उचित इलाज मुहैया कराया जा सके।

अविनाश त्रिवेदी ने कहा द्य पीएमएसएमए के आयोजन का मुख्य उद्देश्य गर्भवती की पूरी गर्भावस्था के दौरान एमबीबीएस चिकित्सक के द्वारा जांच करा कर उच्च जोखिम की गर्भावस्था की पहचान करना है ताकि उनका समय से उच्च अस्पताल में संदर्भन कर इलाज किया जा सके। अधिक से अधिक गर्भवती की जांच कर उच्च खतरे वाली गर्भावस्था की पहचान की जाये ताकि भविष्य में उन्हें किसी अनहोनी से बचाया जा सके। उन्होंने कहा– सभी पंजीकृत गर्भवती का सुरक्षित प्रसव होने तक फॉलो अप किया जाता है।

डा. नीरज बोरा ने कहा द्य एक स्वस्थ समाज की परिकल्पना तभी संभव है जब हर व्यक्ति स्वस्थ हो। चाहे वह बच्चे हों, युवा वर्ग हो या बुजुर्ग, बच्चे तभी स्वस्थ व् सुपोषित होंगे जब गर्भ से ही इनका ध्यान रखा जाये। इसके लिए जरूरी है कि गर्भवती की सही समय पर जाँच की जाए और उन्हें समुचित इलाज मुहैया कराया जाये। पीएमएसएमए को शुरू करने का मकसद ही यह है कि गर्भवती की जाँच प्रशिक्षित चिकित्सक से करवाई जाए और उच्च जोखिम वाली गर्भावस्था चिन्हित की जाये। इससे गर्भवती तो सुरक्षित रहेगी साथ में गर्भ में पल रहा बच्चा भी सुरक्षित रहेगा।

इस मौके पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. मनोज अग्रवाल ने कहा– प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, जननी सुरक्षा योजना के तहत दी जाने वाली धनराशि गर्भवती और धात्री के बैंक खाते में सीधे पहुँचती है। इसलिए पहली बार गर्भधारण करने वाली महिलायें, जिनका बैंक में खाता नहीं खुला है वह पहचान प्रमाण पत्र सहित व् अन्य दस्तावेज लेकर स्वास्थ्य केंद्र आयें यहाँ उनका बैंक में खाता खुलवा दिया जायेगा ताकि वह समय से इन योजनाओं का लाभ उठा सकें।

इस अवसर पर अन्य वक्ताओं ने कहा– कि अब गर्भवती के लिए भी कोविड का टीका मौजूद है। वह अपना टीकाकरण अवश्य कराएँ ताकि स्वयं और अपने आस पास के लोगों को कोरोना से सुरक्षित रखें क्योंकि कोविड की लड़ाई में एकमात्र हथियार कोविड का टीका ही है। टीकाकरण के बाद भी मास्क लगाना, दो गज की सामाजिक दूरी का पालन करना और बार–बार हाथ धोना है।

जिला स्वास्थ्य शिक्षा एवं सूचना अधिकारी योगेश रघुवंशी ने बताया– जनपद में पीएमएसएमए के तहत लगभग 3558 गर्भवती की जाँच हुयी जिसमें 443 गर्भवती उच्च जोखिम की चिन्हित हुयीं।

इस मौके पर उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा.मिलिंद वर्धन और के.डी.मिश्रा जिला कार्यक्रम प्रबंधक सतीश यादव, सीएचसी के चिकित्सा अधीक्षक और पूरा स्टाफ उपस्थित था।

# दो दिवसीय के अंदर चालान जमा पैसे नहीं मिला तो आगे की बनाएंगे रणनीति, एक वीडियो में कोटेदार संघ ने जहर खाने की कही बात

अवध की आवाज ब्यूरो

कहोबा चौराहा गोंडा। इटियाथोक कोटेदार संघ द्वारा प्रशासन को एक वीडियो में चेतावनी देते हुए बताया कि अगर दो दिवसीय के अंदर हम लोगों चालान जमा पैसा नहीं मिला तो आगे की रणनीति बनाएंगे इसके साथ–साथ उन्होंने अपने एक वीडियो में यहां तक बताया कि जहर भी खा लेंगे वही कोटेदार संघ के ब्लॉक इटियाथोक के कोटेदार राकेश कुमार तिवारी ने एक वीडियो में कहा है कि हम कोटेदारों भाइयों को विभाग द्वारा भी पीड़ित किया जा रहा है और उसके साथ–साथ गोदाम पर हम लोगों को कम खाद्यान्न दिया जा रहा है और हम लोग अगर आवाज उठाते हैं तो हमारे ऊपर ही कार्रवाई हो जाती है। यह सब बताते हुए बताया कि चालान का पैसा कई माह का जमा कर दिए हैं और राशन की सुचारू रूप से वितरण कर दिया गया है। पर विभाग द्वारा हम लोगों का पैसा अभी तक नहीं आया है जिसको लेकर हम लोगों को काफी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। अगर दो दिवसीय के अंदर हम लोगों का पैसा नहीं आया तो आगे की रणनीति बनाकर आगे का कार्य करेंगे।



# काकोरी काण्ड के स्वतंत्रता सैनानियों की याद में हुआ सम्मान समारोह

## काकोरी काण्ड : जिसने देश के क्रांतिकारियों के प्रति जनता का बदला नजरिया

अवध की आवाज ब्यूरो

माधौगढ़, जालौन। सोमवार को विकास खण्ड रामपुरा के अन्तर्गत नगर पंचायत ऊमरी में काकोरी काण्ड के स्वतंत्रता संग्राम सैनानियों को नमन कर सम्मान समारोह का आयोजन किया गया जिसमें काकोरी



काण्ड में अहम भूमिका देश प्रति सच्ची देश भक्ति को उजाकर करने वाले स्वतंत्रता सैनानियों को नमन कर परिवार जनों को सम्मानित किया गया जिसमें पूर्वजों ने सच्ची देश भक्ति को कायम कर उजागर किया इस कार्यक्रम में उपस्थित उपायुक्त अशोक कुमार गुप्ता व रामपुरा ब्लाक प्रमुख अजीत सिंह सेंगर बेरा , अधिशाषी अधिकारी उत्तम बंशवार , नगर अध्यक्ष रेखा देवी , खंड शिक्षा अधिकारी ज्ञान प्रकाश अवस्थी, अजय द्विवेदी बाबू मौजूद रहे व काकोरी काण्ड का उदभोदन करते हुए अजीत सेंगर ने कहा कि काकोरी कांड : जिसने देश में क्रांतिकारियों के प्रति जनता का नजरिया बदल दिया था

नौ अगस्त 1925 को हुए काकोरी कांड का मुकदमा 10 महीने तक चला था जिसमें रामप्रसाद 'बिस्मिल', राजेंद्रनाथ लाहिड़ी, रोशन सिंह और अशफाक उल्लाह खां को फांसी की सजा हुई। भारत के स्वाधीनता आंदोलन में काकोरी कांड की भी महत्वपूर्ण भूमिका रही है. लेकिन इसके बारे में बहुत ज्यादा जिक्र सुनने को नहीं मिलता. इसकी वजह यह है कि इतिहासकारों ने काकोरी कांड को बहुत ज्यादा अहमियत नहीं दी. लेकिन यह कहना गलत नहीं होगा कि काकोरी कांड ही वह घटना थी जिसके बाद देश में क्रांतिकारियों के प्रति लोगों का नजरिया बदलने लगा था और वे पहले से ज्यादा लोकप्रिय होने लगे थे तो वहीं ऊमरी के स्वतंत्रता संग्राम सैनानी स्व० कुन्दनलाल , स्व० झुण्डीलाल तिवारी , स्व० अन्नपूर्णा देवी , स्व० लाल सिंह , स्व० गम्भीर सिंह अन्य स्वतंत्रता सैनानियों के परिवार में नाती व पुत्र बधु को सम्मान दिया गया व उनकी सौर्य गाथा का वर्णन किया गया इस मौके पर सुरकाता देवी , वृजेन्द्र सिंह , विनोद द्विवेदी , रामकुमार अन्य स्वतंत्रता सैनीनियों को सम्मान मिला व उदयकरन राजपूत , संतोष कुमारी , अवधेश मिश्रा, मंगल सिंह इं प्र,श्याम चतुर्वेदी, भग्गू लाल शुवहरे , अशोक गौर शिव कुमार सिंह गौर, मोनू सतेन्द अजय दुबे बाबू, जगदीश नारायण समस्त सभासद गण अन्य लोग मौजूद रहे ।

# कोतवाली क्षेत्र की ज्यादातर सड़कें खराब, आवागमन हुआ कठिन

## कीचड़ से सना हुआ रास्ता पैर रखना भी हुआ दूभर

अवध की आवाज ब्यूरो

पिरौना,जालौन। प्रदेश सरकार के सड़कों को गड्ढामुक्त करने के दावे किये लेकिन विभागों के कार्यप्रणाली की पोल बरसात ने खोलकर रख दी कोतवाली एट के विभिन्न क्षेत्रों की सड़कों की स्थिति पहले से ही खराब थी लेकिन आज बारिश के बाद सड़कें और बदतर हो गई। इन सड़कों को शीघ्र नहीं बनाया गया तो बरसात के दिनों में स्थिति और भी दयनीय हो जाएगी। सड़कों पर बिछाई गई



गिट्टियां फिर से उखड़कर फैल गई हैं। शायद कागजो में सड़के गड्ढा मुक्त हो गयी हो लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही दिख रही है। कुछ सड़कों को छोड़कर सभी पर चलना जोखिम भरा है ग्राम भिटारा, सेवड़ी, टिकरिया, धुरट, मबई, छिरावली, भरसूड़ा, रूखना इन ग्रामो पर आने जाने के लिए मार्ग काफी दिनों से क्षतिग्रस्त है ग्राम के लोगो ने बताया कि सड़क की वजह से रास्ता बदलकर जाने को विवश हैं। आए दिन लोग गिरकर चोटिल हो रहे हैं पीडीडीयू नगर मार्ग से जुड़ा एट धुरट मार्ग पूरी तरह गड्ढों में तब्दील हो गया है। तीन वर्षों से मार्ग पर आवागमन करना राहगीरों व ग्रामीणों के लिए भारी मुसीबत बना हुआ है। इस सड़क से होकर के लोग आवागमन करते हैं मार्ग भिटारा, सेवड़ी, टिकरिया, धुरट, मबई, छिरावली, भरसूड़ा, रूखना आदि गांव के ग्रामीणों का आना–जाना होता है गजेंद्र सिंह युवा सपा नेता सभासद निवासी भरसूड़ा ने बताया कि पिछले दिनों मैन 1076 पर इसकी शिकायत भी दर्ज करवाई थी लेकिन अभी तक कोई प्रतिक्रिया नहीं हुई जिससे आसपास के ग्रामो के लोगो मे गुस्सा पनप रहा है लाला पाल, बीपी पाल, कमलेश विश्वकर्मा, सन्तोष यादव, राहुल, राघवेंद्र, ललित मोहन ने सड़क को बनबाने। की प्रशासन से मांग की आपको अवगत भी करा दे कि यह मार्ग ज्यादा दिनों तक नही टिकता क्योकि यही वो सड़क है जहां से सबसे ज्यादा मौरम का उठान किया जाता है इसीलिए सड़क कम समय मे ही उखड़ जाती।

# पंचनद के बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में प्रभारी मंत्री का स्थलीय दौरा

## पीड़ितों की ईमानदारी से मदद के लिए प्रशासन को सख्त हिदायत

अवध की आवाज ब्यूरो

माधौगढ ,जालौन। उत्तर प्रदेश सरकार की राज्यमंत्री एवं जालौन की प्रभारी मंत्री श्रीमती नीलमा कटियार ने आज बाढ़ प्रभावित पंचनद क्षेत्र का दौरा कर पीड़ितों की मदद के लिए अधिकारियों को सख्त हिदायत दी स शनिवार को उत्तर प्रदेश सरकार की राज्य मंत्री



एवं जालौन जिले के प्रभारी मंत्री श्रीमती नीलिमा कटियार ने बाढ़ प्रभावित पंचनद क्षेत्र के ग्राम गुढा व पुरवा का जलमार्ग पर मोटरवोट के सहारे स्थलीय दौरा कर बाढ़ पीड़ितों की परेशानियों को समझा तथा सान्त्वना दी कि संकट की इस घड़ी में सरकार आपके साथ खड़ी है , किसी को भी भूख ,प्यास ,बीमारी की समस्या का सामना नहीं करना पड़ेगासस उन्होंने कहा कि बाढ़ से सुरक्षित रहने के लिए पानी से दूर रहें एवं बच्चों को भी पानी में ना जाने दें स इस अवसर पर उन्होंने उपजिलाधिकारी माधौगढ़ शालिगराम, तहसीलदार प्रेम नारायण प्रजापत , खंड विकास अधिकारी रामपुरा को सख्त हिदायत दी कि बाढ़ प्रभावित किसी भी गांव में खाद्यान्न वितरण एवं स्वास्थ्य सेवाओं में लापरवाही ना हो, अधिकारी कर्मचारी अपनी सुविधा के अनुसार नहीं बल्कि पीड़ितों की जरूरत के हिसाब से खाद्य सामग्री का वितरण करें स प्रभारी मंत्री ने कहा कि लेखपाल किसानों व ग्रामीणों के नुकसान का मूल्यांकन मानवता व ईमानदारी से करें जिसका जितना हक हो उसे पूरा मिलना चाहिए ताकि वर्तमान सरकार और अन्य दलों की पिछली सरकारों का अंतर स्पष्ट दिखाई दे स उन्होंने कहा कि मैंने देखा है की बाढ से नदियों के तटवर्ती इलाकों में बहुत नुकसान हुआ है स उप जिलाधिकारी जालौन को निर्देशित करते हुए प्रभारी मंत्री ने कहा कि कच्चा राशन शीघ्र ही पीड़ितों को मिलना चाहिए ताकि पीड़ितों को महसूस हो कि सरकार संकट के समय हमारे साथ खड़ी है। बाढ़ पीड़ितों के आश्रय स्थल स्वच्छ व सुरक्षित हो एवं मनुष्यों के स्वास्थ्य की चिंता के साथ–साथ पशुधन के स्वास्थ्य की भी चिंता कर वेटरनरी डॉक्टरों का उचित प्रबंध करें , प्रत्येक बाढ़ पीड़ित गांव की साफ सफाई नियमित रूप से कराई जाए ताकि बाढ के बाद कोई बीमारी न फैल सके स इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष रामेंद्र सिंह बना जी , जिला पंचायत अध्यक्ष घनश्याम अनुरागी, विधायक कालपी नरेंद्र सिंह जादौन, विधायक माधौगढ़ मूलचंद सिंह निरंजन , ब्लाक प्रमुख रामपुरा अजीत सिंह सेंगर, ब्लाक प्रमुख कुठौन्द ,नगर पंचायत अध्यक्ष रामपुरा शैलेंद्र सिंह, नगर पंचायत अध्यक्ष माधौगढ राज किशोर गुप्ता एवं भारतीय जनता पार्टी के अनेक मंडल अध्यक्ष, मंडल महामंत्री एवं अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

# मुख्यमंत्री आगमन को लेकर प्रशासन की चाक–चौबंद व्यवस्था

अवध की आवाज ब्यूरो

माधौगढ ,जालौन। उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के बाढ़ ग्रस्त रामपुरा विकासखंड क्षेत्र के दौरे को लेकर प्रशासन जोर–शोर से तैयारियों में जुटा है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 10 अगस्त को जनपद जालौन के रामपुरा विकासखंड अंतर्गत पंचनद क्षेत्र के बाढ़ प्रभावित इलाके का दौरा कर शासन प्रशासन द्वारा राहत के लिए किए गए उपायों की समीक्षा करेंगे। मुख्यमंत्री का हेलीकॉप्टर कल 10 अगस्त को जगम्मनपुर में रामपुरा रोड पर उतरेगा, वहां बाढ़ पीड़ितों को संबोधित करने के बाद मुख्यमंत्री पंडित परशुराम द्विवेदी महाविद्यालय जगम्मनपुर में अधिकारियों के साथ बाढ़ पर समीक्षा बैठक करेंगे । मुख्यमंत्री के जगम्मनपुर आगमन को लेकर प्रशासन व्यवस्था को लेकर सक्रिय है। सोमवार की सुबह से ही जिलाधिकारी जालौन प्रियंका निरंजन पुलिस अधीक्षक रवि कुमार तथा क्षेत्रीय विधायक मूलचंद निरंजन व जनपद के सभी विभागों के छोटे बड़े अधिकारी , कर्मचारी मुख्यमंत्री के कार्यक्रम को मीनमेख रहित सफलता पूर्वक संपन्न कराने के लिए तन्मयता से जुटे हैं। जिलाधिकारी प्रत्येक बिंदु पर विचार कर अधिकारियों को निर्देशित कर रही हैं।



# पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं श्यामा प्रसाद मुखजह्न के चित्र के समक्ष पुष्पांजलि देकर की शुरुआत की

अवध की आवाज ब्यूरो

कानपुर। अगस्त क्रांति की याद में नेतृत्व द्वारा निर्देशित दिनांक 9 अगस्त से लेकर 15 अगस्त तक के कार्यक्रम के अंतर्गत भारतीय जनता पार्टी द्वारा सभी महापुरुषों की प्रतिमाओं की साफ सफाई करके उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं



पुष्पांजलि किए जाने के क्रम में आज भाजपा कानपुर महानगर तक जिला अध्यक्ष सुनील बजाज की अध्यक्षता में जिला पदाधिकारियों एवं जिला अध्यक्ष ने भाजपा कानपुर महानगर उत्तर जिला कार्यालय नवीन मार्केट में पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र के समक्ष पुष्पांजलि देकर उन्हें याद कर इस कार्यक्रम की शुरुआत की। भाजपा जिला अध्यक्ष सुनील बजाज ने कहा कि हमारे देश के महापुरुषों ने हमारे देश की स्वतंत्रता और रक्षा के लिए अपने प्राण तक त्याग दिए। उन्होंने कहा कि इन महापुरुषों ने देशसेवा में अपना सर्वस्व न्यौछावर कर दिया। इन महापुरुषों के संदेशों को अपने जीवन में आत्मसात कर जनहित में लगना, यही हमारी सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

जिला अध्यक्ष ने कहा कि हमारे देश में त्याग व बलिदान करने वाले महापुरुषों की कमी नहीं रही वे सदैव देश सेवा में तत्पर रहें उन्होंने हमेशा जोर–जुल्म व अत्याचार का विरोध कर प्रेम व समन्वय भाव से जीवन जीने की प्रेरणा हम सबको दी है और जनसेवा ,प्रेम व समसरता का संदेश देना इन महान महापुरुषों का एक मात्र उद्देश्य रहा ऐसे महापुरुषों को हम शत शत नमन करते हैं।

जिला अध्यक्ष ने बताया कि दिनांक 9 अगस्त से दिनांक 15 अगस्त तक नेतृत्व के निर्देशानुसार जिले स्तर से लेकर प्रत्येक मंडल में महापुरुषों के प्रतिमा एवं चित्रों पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि कार्यक्रम आयोजित होंगे। इस दौरान जिला महामंत्री वीरेश त्रिपाठी जितेंद्र शर्मा अवधेश सोनकर रिचा सक्सेना श्यामू तिवारी आदि उपस्थित रहे।

# लोकप्रिय विधायक ने किया इण्टर लांकिक रोड का शिलान्यास

## उसके बाद विधायक निधि से बनी पुलिया का किया उद्घाटन

अवध की आवाज

निघासन खीरी। 138 विधानसभा के लोकप्रिय विधायक शशांक वर्मा ने इण्टर लांकिक सड़क का शिलान्यास किया। ब्लाक निघासन के दौलतापुर ग्राम पंचायत में इण्टर लांकिक सड़क थी और सभी को सरकार की योजनाओं के बारे में बताते हुए मिशन 2022 पर भी चर्चा की। उसके बाद गोमती प्रसाद जी की लडकी करंट लगने से मौत की खबर होते ही घर पहुंचे और मृतक के परिवार जनों से मिले हर



का शिलान्यास के बाद लोकप्रिय विधायक ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि पहले इस गांव की दुर्दशा बहुत खराब थी आने जाने का रास्ता बहुत खराब था ग्रामीणों की मांग पर हमने इसको संज्ञान लेते हुए मंजूरी दिलाई जिसका आज शिलान्यास किया गया और जनकल्याण जनकल्याणकारी योजनाओं का बखान करते हुए संबोधित किया कि सरकार हमेशा गरीबों के हित में काम कर रही है और पीएम किसान सम्मान निधि सीधे किसानों के खाते में पहुंच रहे है कल 9 अगस्त को किसानों के खाते में किस्त पहुंची सम्भव मदद का आश्वासन दिया।इससे पहले निघासन ब्लाक के ग्राम पंचायत ढखेरवा खालसा में प्रधान प्रतिनिधि सोनू पांडे के द्वारा भंडारे का आयोजन किया गया था जिसमें लोकप्रिय विधायक शशांक वर्मा पहुंच कर मंदिर में माथा टेका और प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान निवर्तमान मंडल महामंत्री, कन्हैया लाल वर्मा, ध्रुव कुमार वर्मा, रवि कांत सोनी, आशीष वर्मा,दीपक जायसवाल, ग्राम पंचायत सचिव कुमारी स्वाति लोधी,राजेश मौर्या सहित भाजपा कार्यकर्ता एवं सैकडों लोग सामिल रहे।

# सपाइयों ने भाजपा को सत्ता से बेदखल करने का लिया संकल्प, प्रदेश भर में आयोजित किए कार्यक्रम

लखनऊ। सपा ने अगस्त क्रांति दिवस के मौके पर प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में अलग–अलग कार्यक्रम आयोजित किया। पार्टी के प्रदेश




मुख्यालय से लेकर जिलों तक हुए कार्यक्रम में शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने भाजपा को सत्ता से बेदखल करने का संकल्प लिया। उधर, सोनभद्र में विश्व आदिवासी दिवस मनाया गया। प्रदेश मुख्यालय में हुए कार्यक्रम में सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा कि समाजवादी विचारधारा के नेता जयप्रकाश नारायण, डॉ. राममनोहर लोहिया, अरुणा आसिफ अली आदि ने अंग्रेजों भारत छोड़ों आंदोलन को आगे बढ़ाते हुए देश में किसान, मजदूर और युवाओं का राज स्थापित कराया। मगर बदलते परिवेश में संविधान खतरे में पड़ गया है। ऐसे में समाजवादी ताकतों को एकजुट होकर नई क्रांति की शुरुआत करनी होगी। यह क्रांति भाजपा को सत्ता से बेदखल कर समाजवादी सरकार बनाएगी। उन्होंने कहा कि भाजपा और उसके मूल संगठन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का स्वतंत्रता आंदोलन में कोई संबंध नहीं था। लखनऊ में काकोरी शहीद स्मारक का आयोजन भाजपा का ढोंग है। उन्होंने कार्यकर्ताओं का आह्वान करते हुए कहा कि देश के सामने जो समस्याएं व चुनौतियां हैं, उनके समाधान का रास्ता सिर्फ समाजवादी विचारधारा के पास ही है।

आदिवासियों के हक के लिए हर स्तर पर संघर्ष करेगी पार्टी

उधर, सोनभद्र में सपा प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल की मौजूदगी में आयोजित विश्व आदिवासी दिवस समारोह में जल, जंगल और जमीन का मुद्दा उठा। इसमें तय किया गया कि आदिवासियों के हक के लिए पार्टी हर स्तर पर संघर्ष करेगी। कानपुर में पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के अध्यक्ष डॉ. राजपाल कश्यप की अगुवाई में अगस्त क्रांति दिवस मनाया गया। इसी तरह अन्य जिलों में भी विभिन्न कार्यक्रम हुए।

# उप्र के मुजफ्फरनगर में गाना बजाने को लेकर दो समुदायों के बीच झड़प, छह घायल

मुजफ्फरनगर, (वेबवार्ता)। उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर जिले में गाना बजाने को लेकर बहस के बाद दो समुदायों के बीच पथराव होने से छह लोग घायल हो गए। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि यह घटना सोमवार को कोतवाली पुलिस थाना क्षेत्र के मिमलाना गांव में हुई। पुलिस ने बताया कि यहां एक जन्मदिन पार्टी के दौरान डीजे संगीत बजा रहा था, जिसका कुछ स्थानीय लोगों द्वारा विरोध करने पर विवाद शुरू हो गया। देखते ही देखते इस विवाद ने हिंसक रूप ले लिया और पथराव होने लगा। पुलिस ने बताया कि भारतीय दंड संहिता की, दंगा और हत्या के प्रयास सहित संबंधित धाराओं के तहत 22 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। आरोपी फरार हैं।









ग्राम सभा मनिकापुर ब्लॉक असोहा सुरेंद्र कुमार प्रधान पति की तरफ से सभी क्षेत्रवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



15 अगस्त के पावन पर्व पर सभी जनपद वासियों को क्षेत्रवासियों को ग्राम सभा शेषपुरनरी के नौजवान साथियों को नन्हे–मुन्ने बच्चों को एवं बुजुर्गों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं एवं रक्षाबंधन की हार्दिक शुभकामनाएं आपका सेवक जनार्दन चौधरी पूर्व प्रधान शेषपुर नरी उन्नाव







अवध की आवाज हिन्दी दैनिक, प्रकाशक ,मुद्रक व स्वामी,अनिल कुमार सिंह द्वारा स्काई लाइन प्रिन्टर्स,119/23 खन्दारी लेन, लालबाग, लखनऊ उ0प्र0 से मुद्रित तथा डी–97/3 व 7,सेक्टर–7, इन्दिरा नगर,लखनऊ,उ0प्र0 से प्रकाशित। सम्पादक अनिल कुमार सिंह फोन : 0522–4340954 मो0–7905407289, Email: avadhkiaawaz@gmail.com

नोट : समाचार पत्र से सम्बंधित सारे विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा।